# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 01 अक्टूबर, 2025 CRACKDOWN BULANDSHAHR थाना सिकन्द्राबाद

## शातिर चोरों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 30/01.10.2025 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस गुर्जर चौक के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो कुछ दूरी पर अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया तथा अन्य दो बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी काम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायल बदमाश की पहचान आबिद पुत्र अब्बास निवासी एत्मादसराय थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी सिकन्द्राबाद में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के चोर अपराधी हैं। जिसपर जनपद के विभिन्न थानो पर चोरी आदि के करीब 07 अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- आबिद पुत्र अब्बास निवासी एत्मादसराय थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।

2- 01 एचएफ डिलक्स बाइक (बिना नम्बर)

**गिरफ्तार अभियुक्त आबिद का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं 213/24 धारा 317(5) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं 007/25 धारा 317(2),318(4),336(2)बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं 118/25 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

4- मुअसं- 624/25 धारा 305,317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

5- मुअसं- 867/25 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

6- मुअसं- 312/24 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

7- मुअसं- 204/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अनिल कुमार शाही निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 रघुवीर सिंह, उ0नि0 नीरज शर्मा, उ0नि0 विपुल कुमार
3. है0का0 कपिल कुमार, का0 नेम सिंह, का0 रोहित कुमार, का0 सुमित कुमार ।









मीडिया सेल बुलन्दशहर